बरेली, मंगलवार
9 दिसंबर, 2025

नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण

PAGE NO IV : MIDDLE

# पश्चिम बंगाल के बीच मुकाबला




प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते एसआरएमएस ट्रस्ट के आदित्य मूर्ति, साथ में बैठे अन्य •

जासं, बरेली: बीसीसीआइ के घरेलू क्रिकेट के अंतर्गत कूच बेहार ट्राफी अंडर-19 का मैच तीसरी बार बरेली में खेला जाएगा। श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी परिसर स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में 16 से 19 दिसंबर तक मैच होगा। यह मैच उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की टीमों के बीच होगा। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की ओर से सोमवार शाम चार बजे रेलवे स्टेशन के समीप होटल मनौर में प्रेस वार्ता हुई।

बीसीए सचिव सीताराम सक्सेना ने कहा कि बीसीसीआइ उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के निर्देश पर बरेली में लगातार तीसरे वर्ष कूच बेहार ट्राफी का मैच कराने का मौका मिला है। पिछले दिनों एसआरएमएस के सहयोग से पहली बार श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी वुमन क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित हुआ। मैच आवंटित करने से पहले बीसीसीआइ और यूपीसीए के पदाधिकारियों ने श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम का अवलोकन किया था। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक और एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने कहा कि कूच बेहार ट्राफी का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर 16 नवंबर से 20 जनवरी तक हो रहा है। चार दिन के मैच में 90-90 ओवर की दो इनिंग खेली जाएंगी। दोनों प्रदेशों की टीमों के खिलाड़ी 13 से 15 दिसंबर तक अभ्यास सत्र में शामिल होंगे। वहीं 16 दिसंबर सुबह आठ बजे से मैच आरंभ होगा। कोच मनीष सिंह ने बताया कि अभी तक दोनों टीमें एक-एक मैच हार चुकी हैं। कांफ्रेंस में बीसीए उपाध्यक्ष राजेंद्र मनोहर शर्मा, सीनियर ज्वाइंट सेक्रेटरी ओपी कोहली, अमित अवस्थी, राहुल कपूर, चंचल उपाध्याय, राकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।